प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2023/753 **लखनऊःदिनांक–**06.05.2023

विषयः– अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर पाठ्यचर्या पूर्ण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा, जून–2023 दिनांक 12 जून 2023 से प्रस्तावित है। इस हेतु छात्र/छात्राओं के पठन–पाठन का कार्य समयान्तर्गत कराकर पाठ्यचर्या पूर्ण की जानी है।

अतएव उक्त के दृष्टिगत आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि आवश्यकतानुसार प्रतिदिन अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के साथ–साथ अवकाश के दिनों में भी अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने का कष्ट करें, जिससे समयान्तर्गत पाठ्यचर्या पूर्ण हो सके। साथ ही वर्तमान में पूर्ण कराये जा चुके पाठ्यक्रम के प्रतिशत की सूचना परिषद की ई0मेल0 आई0डी0 anuparishadbte@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सादर

भवदीय,

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2023/754-756 **तद्दिनांक–** 06.05.2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को इस अनुरोध के साथ कि निदेशालय स्तर से भी संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र को इस आशय से कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था, प्रधानाचार्य को अपने स्तर से उपरोक्तानुसार अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर पाठ्यचर्या पूर्ण कराये जाने के निर्देश देने का कष्ट करें।

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव

E:\extra class.docx